जिला सैनिक कल्याण सोलन स्थित व जिला सोलन हिमाचल प्रदेश की झण्डा दिवस निधि के लेखाओं का लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण प्रतिवेदन ।

अवधि :- 4/91 से 3/97

1. वर्तमान लेखा परीक्षा :-

अवधि 4/91 से 3/97 के निधि लेखाओं की वर्तमान लेखा परीक्षा, जिसके परिणाम अनुवर्ती पैरों में दिये गये हैं, श्री संगीत भूषण, अनुभाग अधिकारी (लेप०) द्वारा दिनांक 9.10.97 से 15.10.97 के दौरान सम्पन्न की गई । मास 4/91, 9/91, 4/92, 10/92, 6/93, 3/94, 10/94, 3/95, 4/95, 3/96, 9/96 व 3/97 के लेखों की विस्तृत जाँच पड़ताल की गई । लेखा परीक्षा से सम्बन्धित समस्त अपेक्षित अभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत किया गया ।

2. वित्तीय स्थिति :-

लेखा अवधि 4/91 से 3/97 तक निधि की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से थी ।

| वर्ष | आदि शेष | आय | जोड़ | व्यय | अन्तिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|
| 1991-92 | 12541.51 | 25228.35 | 37769.86 | 29730.00 | 8039.86 |
| 1992-93 | 8039.86 | 19996.75 | 28036.61 | 22543.00 | 5493.61 |
| 1993-94 | 5493.61 | 27346.35 | 32839.96 | 18532.00 | 14307.96 |
| 1994-95 | 14307.96 | 60644.50 | 74952.46 | 72725.00 | 2227.46 |
| 1995-96 | 2227.46 | 18945.04 | 21172.50 | 16040.00 | 5132.50 |
| 1996-97 | 5132.50 | 31644.00 | 36776.50 | 26936.00 | 9840.50 |

3. भारी मात्रा में निधि राशियों को हस्तगत रखे जाने बारे :-

निधि की प्राप्त राशियों को तुरन्त बैंक में जमा न करवाकर इन्हें लेखा अवधि के दौरान निम्न विवरण अनुसार हस्तगत रखे जाने से यह प्रतीत होता है कि सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा इन राशियों का अस्थाई रूप से दुरुपयोग किया जाता रहा, जो कि गम्भीर अनियमितता है। इस तरह राशियों को भारी मात्रा में हस्तगत रखने से ब्याज की भी हानि हुई । अतः यह गम्भीर मामला निदेशक, सैनिक कल्याण, हमीरपुर हि० प्र० के निजि ध्यान में उचित कार्यवाही हेतु लाया जाता है इन राशियों को हस्तगत रखने पर ब्याज के रूप में हुई हानि की दोषी से शीघ्र क्षतिपूर्ति करके अनुपालना से आगामी लेखा परीक्षा पर अवगत करवाया जाए ।

लगातार पृष्ठ 2 पर....

| मास | राशि जो बेश बुक में शेष दिखाई गई । | मास | राशि जो बेश बुक में शेष दिखाई गई । |
|---|---|---|---|
| 8/92 | 956.00 | 3/94 | 1761.00 |
| 2/93 | 532.00 | 4/94 | 4458.00 |
| 4/93 | 450.00 | 5/94 | 3764.00 |
| 5/93 | 830.00 | 1/95 | 2234.00 |
| 9/93 | 1435.00 | 2/95 | 2974.00 |
| 10/93 | 1435.00 | 1/96 | 1861.00 |
| 11/93 | 1435.00 | 2/96 | 1569.00 |
| 12/93 | 3707.00 | 4/96 | 794.00 |
| 1/94 | 6064.00 | 12/96 | 1251.00 |
| 2/94 | 3453.00 | 2/97 | 1500.00 |

4. **अनियमित व्यय :-**

निधि में से किया गया निम्नलिखित व्यय निधि पर उचित प्रभार नहीं है । अतः व्यय का नियमितिकरण सक्षम अधिकारी से कार्योत्तर स्वीकृति करके करवाया जाए व अनुपालना से इस विभाग को सूचित किया जाए अन्यथा व्यय की गई समस्त राशियों की उचित स्त्रोत से वसूली करके तुरन्त निधि में जमा करवाया जाये ।

| मास | राशि | टिप्पणी |
|---|---|---|
| 12/91 | 11,000.00 | अवधि 2/90 से 10/90 तक टेलिफोन बिल अदा करने हेतु । |
| 3/92 | 4,950.00 | विश्राम गृह की मुरम्मत हेतु । |
| 4/92 | 2,100.00 | अवधि 11/90 से 2/92 तक टेलिफोन बिल अदा करने हेतु । |
| 12/94 | 1,348.00 | 4½ किवटंल चारकोल के क्रय हेतु । |
| 12/94 | 2,000.00 | विश्राम गृह की मुरम्मत हेतु |
| 2/95 | 4,727.00 | अवधि 8/94 से 12/94 तक टेलिफोन बिल अदा करने हेतु । |
| 3/96 | 2,886.00 | अवधि 6/95 से 12/95 तक टेलिफोन बिल अदा करने हेतु । |
| | 29,011.00 | |

5. **भूतपूर्व सैनिकों को वित्तीय सहायता के रूप में अदा की गई कुल 19,100 रुपये की राशि के संदिग्ध दुर्विनियोजन का मामला:-**

श्री आर.आर. शर्मा, उप निदेशक, जिला सैनिक कल्याण, सोलन द्वारा उक्त जिला निधि में से भूतपूर्व सैनिकों को वित्तीय सहायता

लगातार पृष्ठ 3 पर...

के रूप में निम्न विवरणानुसार रु0 19,100/=रुपये की राशि का भुगतान किया गया दर्शाया गया । परन्तु उक्त राशि का भुगतान करते समय उन द्वारा न तो प्रार्थियों से कोई प्रार्थना पत्र प्राप्त किये गये और न ही नियमानुसार अन्य औपचारिकताएं पूर्ण की गई । उन द्वारा यह टिप्पणी दी गई कि उक्त राशि "मेरे द्वारा अदा की गई"। इसके अतिरिक्त नियमों की उल्लंघना करते हुए उन द्वारा उक्त भुगतान किया गया ,जबकि वह उक्त भुगतान करने हेतु सक्षम नहीं थे । इस विषय में हिमाचल प्रदेश सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश संख्या जी.ए.डी.(ए) (एफ) (4)23/77-II,दिनांक 3.1.91 द्वारा जिलाधीश,जो कि निधि के अध्यक्ष हैं, को प्रत्येक मामले में रु0 500/=रुपये तक एवं उप निदेशक, जिला सैनिक कल्याण को रु0 100/=रुपये तक प्रत्येक मामले में वित्तीय सहायता स्वीकृत करने हेतु शक्तियां प्रदान की गई थी, लेकिन उप निदेशक द्वारा उक्त भुगतान जिलाधीश ,सोलन की स्वीकृति लिये बिना अपने ही स्तर पर स्वेच्छानुसार किया गया दर्शाया गया । बिना औपचारिकताएं पूर्ण किए ही एवं सक्षम अधिकारी से स्वीकृति प्राप्त किए ही इन राशियों का भुगतान संदिग्ध प्रतीत होता है । यह मामला निदेशक,सैनिक कल्याण, हमीरपुर, हि0 प्र0 के ध्यान में तुरन्त उचित कार्यवाही एवं भुगतानों की वास्तविकता की जाँच हेतु लाया जाता है । जाँच के परिणामों से शीघ्र इस विभाग को अवगत करवाया जाए ।

| दिनांक | राशि जिसको अदा की गई । | अदा की गई राशि |
|---|---|---|
| 30.5.91 | श्री मदन लाल | 100.00 |
| 6.1.92 | श्री नसीब सिंह | 100.00 |
| -"- | श्री प्रीतम सिंह | 100.00 |
| -"- | श्री परस राम | 100.00 |
| -"- | श्री लेख राम | 100.00 |
| 23.2.93 | श्री नन्दू | 500.00 |
| -"- | श्रीमती सुमन | 500.00 |
| 20.3.93 | श्री नारायण दास | 500.00 |
| -"- | श्री गरन्दा राम | 500.00 |
| 12.5.93 | श्रीमती अमृत | 500.00 |
| 20.8.93 | श्री पृथी सिंह | 500.00 |
| -"- | श्री हंस राज | 500.00 |
| 10.9.93 | श्रीमती कमला देवी | 500.00 |
| -"- | श्री राम प्रकाश | 500.00 |
| -"- | श्री रती राम | 500.00 |
| -"- | श्री टेक राम | 500.00 |
| -"- | श्री देवी दयाल | 500.00 |
| -"- | श्री भगत राम | 500.00 |
| -"- | श्री लाल सिंह | 500.00 |
| 27.1.94 | श्रीमती कान्ता देवी | 300.00 |
| -"- | श्री गणेश दास | 500.00 |

क्रमशः पृ. 4 पर..

| | | |
|---|---|---|
| 26.2.94 | श्री सन्त राम | 500.00 |
| 29.3.94 | श्री रत्ती राम | 500.00 |
| 11.5.94 | श्री भगवान दास | 500.00 |
| 12.5.94 | श्री रत्न चन्द | 500.00 |
| -"- | श्रीमती अमरजीत कौर | 500.00 |
| 27.5.94 | श्री सुन्दर सिंह | 500.00 |
| -"- | श्री दुर्गा राम | 500.00 |
| 2.6.94 | श्रीमती राम प्यारी | 500.00 |
| -"- | श्री सुन्दर सिंह | 500.00 |
| -"- | श्री अमृत | 500.00 |
| -"- | श्री दौलत राम | 500.00 |
| 2.6.94 | श्री गोवर्धन लाल | 500.00 |
| 15.6.94 | श्री जीत सिंह | 500.00 |
| -"- | श्री लछमण सिंह | 500.00 |
| -"- | श्री राम दास | 500.00 |
| -"- | श्री प्रीतम सिंह | 500.00 |
| 15.6.94 | श्रीमती करोन देवी | 500.00 |
| 14.7.95 | श्रीमती द्वारकी देवी | 500.00 |
| 31.7.95 | श्री धन बहादुर | 500.00 |
| 19.8.95 | श्रीमती देवकी देवी | 500.00 |
| 31.1.96 | श्रीमती सेवती देवी | 300.00 |
| 1.2.96 | -"- कमला देवी | 500.00 |
| | जोड़ | 19,100.00 |

6. **भूतपूर्व सैनिकों को वित्तीय सहायता के रूप में रु0 37,950/=रुपये की राशि स्वीकृति लिये बिना भुगतान बारे :-**

हिमाचल प्रदेश सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश संख्या जी.ए.डी.(ए)(एफ)4(23/77-II- दिनांक 3.1.91 में दिए गए प्रावधानुसार उप निदेशक, जिला सैनिक कल्याण भूतपूर्व सैनिकों को वित्तीय सहायता के रूप में प्रत्येक मामले में केवल रु0 100/=रुपये तक की राशि की स्वीकृति हेतु शक्तियाँ प्रदान की गई थी । लेकिन श्री आर.आर. शर्मा, उप निदेशक, जिला सैनिक कल्याण, सोलन द्वारा उक्त आदेशों की उल्लंघना करके वित्तीय सहायता के रूप में निम्न-विवरणानुसार रु0 37,950/=रुपये की राशि का भुगतान किया गया । नियमों की उल्लंघना बारे उक्त अधिकारी के विरुद्ध उचित कार्यवाही के अतिरिक्त भुगतान की गई राशियों को सक्षम अधिकारी से कार्योत्तर स्वीकृति प्राप्त करके नियमित करवाया जाए अन्यथा इन राशियों की दोषियों से शीघ्र वसूली करके अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए ।

लगातार पृष्ठ 5 पर...

- 104 -

| मास | मामलों की संख्या | अदा की गई राशि | अदा की गई राशि |
|---|---|---|---|
| 4/91 | 3 | 500/= | 1500.00 |
| 3/92 | 4 | -"- | 2000.00 |
| 4/92 | 5 | -"- | 2500.00 |
| -"- | 1 | 450/= | 450. 0 |
| 10/92 | 2 | 500/= | 1000.00 |
| 2/93 | 12 | -"- | 6000.00 |
| 3/93 | 4 | -"- | 2000.00 |
| 5/93 | 4 | -"- | 2000.00 |
| 8/93 | 2 | -"- | 1000.00 |
| 9/93 | 8 | -"- | 4000.00 |
| 1/94 | 1 | -"- | 500.00 |
| -"- | 1 | 300/= | 300.00 |
| 2/94 | 1 | -"- | 300.00 |
| -"- | 1 | 500/= | 500.00 |
| 3/94 | 8 | -"- | 4000.00 |
| 5/94 | 5 | -"- | 2500.00 |
| 6/94 | 10 | -"- | 5000.00 |
| 12/94 | 1 | -"- | 500.00 |
| -"- | 1 | 400/= | 400.00 |
| 1/95 | 2 | 500/= | 1000.00 |
| 2/95 | 1 | -"- | 500.00 |
| | | जोड़ :- | 37,950.00 |

7. लघु आपत्ति विवरणिका :-

इसे अलग से जारी नहीं किया गया ।

8. निष्कर्ष :- सेवाओं के रख-रखाव में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है वर्तमान लेखा परीक्षा प्रतिवेदन के पैरा 5 और 6 उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ शीघ्र आवश्यक कार्यवाही हेतु लाये जाते हैं।

हस्ता/-
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला-171002.

पृष्ठांकन संख्या: फिन(एल.ए.)(एच)2(ग)(15)14/32/76, दिनांक, शिमला-2.
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :- 23 JUL 1998

प्रेषित: 1. उप निदेशक, जिला सैनिक कल्याण, सोलन, जिला सोलन को उ. आशय के

लगातार पृष्ठ 6 पर...

105

साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अभ्यावेदन प्रतिवेदन पर की गई कार्रवाई का सटिप्पण उत्तर इस विभाग को अतिशीघ्र भेजें ।

2} निदेशक, राज्य सैनिक कल्याण, निदेशालय हमीरपुर }हि0 प्र0} ।

3} सचिव }सामान्य प्रशासन विभाग} हि0 प्र0 शिमला-2.

4} जिलाधीश, सोलन जिला सोलन को सूचनार्थ प्रेषित की जाती है ।

5} श्री संगीत कुमार, अनुभाग अधिकारी, द्वारा........

[signature]
उप निदेशक,
कार्मिक/अधीनस्थ सेवा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला-171002.